

मुंबई क्रिकेट का चुनौतीपूर्ण माहौल खिलाड़ियों को उच्च स्तर पर नेतृत्व के लिए तैयार करता है। उन्होंने सूर्यकुमार यादव का उदाहरण देते हुए अय्यर की सफलता पर विश्वास जताया, जिन्होंने हाल ही में मुंबई लीग में 61 रनों की मैच-विनिंग पारी खेली थी। - रोहित शर्मा

पूर्व भारतीय कप्तान, श्रेयस अय्यर को लेकर बोलते हुए।




आज का खिलाड़ी ▶



**पी.वी. सिंधू**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे खिताब के सूखे को खत्म करने की कोशिश करेंगी, जबकि उभरते सितारे आयुष शेट्टी पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल जीतने के बाद से अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने की कवायद में हैं। पूर्व विश्व चैंपियन का इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जनवरी में मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचना रहा है।

**क्या आप जानते हैं ?... सबसे बड़ी हार :** 1952 के हेलसिंकी ओलंपिक में यूगोस्लाविया के खिलाफ भारत को 10-1 से हार का सामना करना पड़ा था।

# भारत ने अफगानिस्तान को पारी और 300 रन से हराकर दर्ज की टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी जीत

न्यू चंडीगढ़, 8 जून। महाराजा यादविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय टीम ने ऐसा प्रदर्शन किया, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। सोमवार को अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र मुकाबले में भारत ने पारी और 300 रन से जीत दर्ज कर अपने इतिहास की सबसे बड़ी जीत हासिल कर ली।

तीन दिन के भीतर समाप्त हुए इस मुकाबले में भारत हर विभाग में अफगानिस्तान पर पूरी तरह हावी रहा। बल्लेबाजी में विशाल स्कोर, गेंदबाजी में लगातार दबाव और मैदान पर बेहतरीन नियंत्रण ने इस जीत को ऐतिहासिक बना दिया।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 564 रन बनाकर अपनी पारी घोषित की। शीर्ष क्रम ने मजबूत नींव रखी और मध्यक्रम ने उसे बड़े स्कोर में बदला। भारतीय बल्लेबाजों ने अफगान गेंदबाजों को पूरे मैदान में थकाया और विशाल बढ़त की भूमिका तैयार कर दी।

जवाब में अफगानिस्तान की पहली पारी सिर्फ 152 रन पर सिमट गई। भारतीय स्पिन और तेज गेंदबाजों ने उन्हें संभलने का कोई मौका नहीं दिया। इसके बाद कप्तान शुभमन गिल ने फॉलोऑन देने का फैसला किया।

दूसरी पारी में भी अफगानिस्तान की कहानी नहीं बदली। भारतीय गेंदबाज लगातार सही लाइन और लेंथ पर हमला करते रहे और पूरी टीम केवल 112 रन पर ढेर हो गई। इसी के साथ भारत ने मुकाबला तीसरे दिन ही समाप्त कर दिया। दूसरी पारी में वाशिंगटन सुंदर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए। उन्होंने बल्लेबाजी में भी अर्धशतक लगाया और मुकाबले के नायकों में शामिल रहे।




जीत के बाद सुंदर ने कहा कि उन्हें शुरुआत से ही अपनी लय महसूस हो रही थी। उन्होंने कहा कि लंबे समय बाद इस प्रारूप में खेलकर अच्छा लगा और गेंद तथा बल्ले दोनों से योगदान देने संतोषजनक रहा।

भारतीय धरती पर इससे बड़ी जीत केवल वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ 1958 में ईडन गार्डन्स में दर्ज की थी, जब भारत पारी और 336 रन से हारा था। एशियाई टीमों में इससे बड़ी जीत केवल पाकिस्तान ने 2002 में लाहौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ पारी और 324 रन से हासिल की थी।

**भारत की पारी से सबसे बड़ी जीतें**

पारी और 300 रन बनाम अफगानिस्तान, मुल्लांपुर (2026)
पारी और 272 रन बनाम वेस्टइंडीज, राजकोट (2018)
पारी और 262 रन बनाम अफगानिस्तान, बेंगलुरु (2018)
पारी और 239 रन बनाम बांग्लादेश, मीरपुर (2007)
पारी और 239 रन बनाम श्रीलंका, नागपुर (2017)

**अफगानिस्तान की सबसे बड़ी पारी की हार**

पारी और 300 रन बनाम भारत, मुल्लांपुर (2026)
पारी और 262 रन बनाम भारत, बेंगलुरु (2018)
पारी और 73 रन बनाम जिम्बाब्वे, हरारे (2025)

**टेस्ट में अफगानिस्तान के सबसे छोटे स्कोर**

103 रन बनाम भारत, बेंगलुरु (2018)
109 रन बनाम भारत, बेंगलुरु (2018)
112 रन बनाम भारत, मुल्लांपुर (2026)
115 रन बनाम बांग्लादेश, मीरपुर (2023)
120 रन बनाम वेस्टइंडीज, लखनऊ (2019)




## मानव के ऐतिहासिक 6 विकेट

न्यू चंडीगढ़, 8 जून। बाएं हाथ के युवा स्पिनर मानव सुथार ने अपने पदार्पण मुकाबले में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट झटके और अफगानिस्तान की पहली पारी को 152 रन पर समेटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत ने पहली पारी में 412 रन की विशाल बढ़त हासिल करने के बाद अफगानिस्तान को फॉलोऑन देने का फैसला किया। महाराजा यादविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर में खेले जा रहे एकमात्र मुकाबले में मानव सुथार ने 33 रन देकर 6 विकेट लिए। इसके साथ ही वह पदार्पण मुकाबले में किसी भारतीय बाएं हाथ के स्पिनर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने 46 वर्ष पुराना दिलीप दोशी का रिकॉर्ड तोड़ा। दोशी ने वर्ष 1979 में चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पदार्पण मुकाबले में 103 रन देकर 6 विकेट लिए थे। मानव सुथार ने लगातार झटके दिए। उन्होंने शराफुद्दीन अशरफ को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। अगले ही ओवर में रहमत शाह और सलीम सफी को भी आउट कर अफगानिस्तान की वापसी की उम्मीद खत्म कर दी। जियाउर रहमान शरीफी ने मैदान पर आते ही छक्का लगाया, लेकिन वाशिंगटन सुंदर ने उनका विकेट लेकर अफगानिस्तान की पारी समाप्त कर दी। भारत की ओर से मानव सुथार ने 6 विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को 3 विकेट मिले। वाशिंगटन सुंदर ने 1 विकेट हासिल किया। मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव को कोई सफलता नहीं मिली।

## आरसीए द्वारा आयोजित सीनियर महिला चेम्पियनशिप के लिये जिले की महिला टीम घोषित

दौसा, 8 जून। जिला क्रिकेट संघ सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर महिला चैंपियनशिप



दिनांक 10/06/2026 को राजस्थान के विभिन्न जिलों में आयोजित की जा रही है जिसमें दौसा जिले से निम्न खिलाड़ियों का चयन किया गया है याना वर्मा, कृति उपाध्याय, सोनम सैनी, तनिका शर्मा, महिमा राज, रिशिता राज, प्राची मीणा, निधि सैनी, मनोहर बाई, पायल कंवर, अदिति चौहान, भूमिका चौधरी, मोनिका धवन, निकिता कसाना, तानिया शर्मा, सरोज परिहार, अलीशा देहरान सचिव बृज किशोर उपाध्याय द्वारा यह भी बताया गया कि राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा 10.6. 2026 से सीनियर महिला चैंपियनशिप राजस्थान में अलग-अलग जिलों में आयोजित की जा रही है दौसा जिले की टीम को ग्रुप सी में अलवर भेजा जाएगा वहां दौसा का पहला मैच सिरोही से 10.06.2026 को दूसरा मुकाबला अलवर से 11 .06.2026 को और तीसरा मैच हनुमानगढ़ से 12.06.2026 को आयोजित किए जाएंगे ।प्रत्येक ग्रुप में से दो टीमें क्वालीफाई करेंगी जो की 14.06. 2026 से जयपुर में प्री क्वार्टर फाइनल में हिस्सा लेगी। डीसीए सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने कहा की दौसा जिले में केवल दस महिला खिलाड़ी ही ट्रायल देने आई थी इन सभी को टीम में ले लिया बाकी सभी खिलाड़ी एनओसी प्लेयर ली गई है। टीम के कोच प्रेम सिंह नाथावत और मैनेजर शोभना गुर्जर है। सचिव बृज किशोर उपाध्याय द्वारा यह भी बताया गया कि दौसा जिले की महिला टीम में दौसा जिले की केवल 10 खिलाड़ी ही हिस्सा ले रही है बाकी 7 महिला खिलाड़ी प्रोफेशनल टीम में जोड़े गए हैं पुरुष वर्ग की तुलना में महिला टीम की परफॉर्मेंस पिछले वर्ष बहुत अच्छी रही है पिछले वर्ष महिला टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी जिला क्रिकेट संघ के सभी पदाधिकारी एवं सचिव महोदय ने इस बार टीम को पिछले वर्ष से और अच्छा करने के लिए मोटिवेट किया।

## आरसीए एडहॉक कमेटी मीटिंग आज आरसीए कार्यालय, जयपुर में आयोजित की जायेगी

जयपुर, 8 जून। राजस्थान क्रिकेट संघ एडहॉक कमेटी मीटिंग कल दिनांक 9 जून को आरसीए कार्यालय, आरसीए अकादमी , सवाई मान सिंह स्टेडियम पर पर आयोजित की जाएगी। राज्य स्तरीय सीनियर वीमेन प्रतियोगिता (उदयपुर-श्रीगंगानगर जीती) राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आज से उदयपुर में शुरू हुई राज्य स्तरीय सीनियर वीमेन प्रतियोगिता के पहले दिन उदयपुर व श्रीगंगानगर टीमों ने जीत दर्ज की। उदयपुर के शिकारबाड़ी ग्राउंड पर खेल गए मैचों का परिणाम :- उदयपुर - पाली (उदयपुर 8 विकेट से जीती), पाली पारी 81/8 (20 ओवर)। टीम के लिए पविताबिश्नोई 20 व मंजू देवी 18 रन। उदयपुर की गेंदबाज तनिष्का चौधरी 7/3, ऋतू लोढ़ा 15/3 विकेट। उदयपुर पारी 82/2, टीम के लिए प्रियांशी चौधरी नाबाद 33 व रिज़ा शेख नाबाद 28 रन। श्रीगंगानगर - बारां (श्रीगंगानगर 18 रन से जीती), श्रीगंगानगर पारी 154 /2 (20 ओवर)। टीम के लिए औली श्रीमाली नाबाद 81 , अनुष्का ग्रेवाल 25 व राजवीर कौर 22 रन, बारां पारी 136 /1, बारां की गेंदबाज सिमरन कँवर व अवनि जांगिड़ 1 - 1 विकेट। टीम के लिए सिमरन कँवर राठौर 52 , रानी राणा नाबाद 55 व प्रीती जूनवाल नाबाद 15 रन।

## फीफा विश्व कप 2026 : यूरोप की 16 टीमों के बीच महामुकाबला, फ्रांस और स्पेन में कौन बनेगा चैम्पियन?



नई दिल्ली, 8 जून। फुटबॉल विश्व कप 2026 का रोमांच अब अपने चरम पर पहुंच रहा है और दुनिया भर के प्रशंसकों की नजरें यूरोप की उन टीमों पर टिकी हैं, जिन्होंने इस खेल के सबसे बड़े मंच पर हमेशा अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। गौरतलब है कि अर्जेंटीना, ब्राजील और उरुग्वे को छोड़ दें तो विश्व कप का खिताब जीतने वाली सभी अन्य टीमें यूरोप से ही रही हैं। यही कारण है कि इस बार भी यूरोपीय देशों को टूर्नामेंट के सबसे बड़े दावेदारों में गिना जा रहा है।

इस बार यूरोप से 16 टीमें विश्व कप में हिस्सा ले रही हैं। इनमें इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, पुर्तगाल, नीदरलैंड, क्रोएशिया और बेल्जियम जैसी मजबूत टीमें शामिल हैं। वहीं ऑस्ट्रिया, बोस्निया और हर्जेगोविना, नॉर्वे, स्कॉटलैंड और तुर्किये जैसी टीमें भी लंबे समय बाद अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगी।

मौजूद जानकारी के अनुसार सबसे ज्यादा उम्मीदें फ्रांस और स्पेन से लगाई जा रही हैं। फ्रांस की टीम के पास लगभग हर स्थान पर विश्व स्तरीय खिलाड़ी मौजूद हैं। किलियन एम्बाप्पे की अगुवाई में फ्रांस तीसरी बार विश्व चैंपियन बनने का सपना देख रहा है। उस्मान डेम्बेले और डिज़िरे दूए जैसे खिलाड़ी टीम की ताकत को और बढ़ाते हैं। खास बात यह है कि मुख्य प्रशिक्षक दिदिए देसां इस प्रतियोगिता के बाद पद छोड़ देंगे, इसलिए वह अपने कार्यकाल का अंत खिताब के साथ करना चाहेंगे। दूसरी ओर विश्व की नंबर एक टीम स्पेन भी खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। युवा स्टार लामिन यामाल इस समय टीम का सबसे बड़ा आकर्षण हैं। यूरोपीय चैंपियन बनने के बाद स्पेन का आत्मविश्वास काफी ऊंचा है और टीम अपने दूसरे विश्व कप खिताब की तलाश में मैदान पर उतरेगी।

वहीं इंग्लैंड की उम्मीदें एक बार फिर हैरी केन पर टिकी हुई हैं। देश के सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में हैरी केन इंग्लैंड के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी बने हुए हैं। हालांकि इंग्लैंड को एक बेहद कठिन समूह में रखा गया है, जहां क्रोएशिया, घाना और पनामा जैसी टीमें चुनौती पेश करेंगी।

जर्मनी की स्थिति भी काफी दिलचस्प है। चार बार की विश्व चैंपियन टीम पिछले दो विश्व कप में समूह चरण से आगे नहीं बढ़ सकी थी। ऐसे में जूलियन नागेल्समान की टीम पर दबाव रहेगा। हालांकि फ्लोरियन विर्ट्ज, जमाल मुसियाला, जोशुआ किमिख और एंटोनियो रुडिगर जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी जर्मनी को मजबूत बनाती है।

## डेनमार्क-यूक्रेन मैत्री मैच के दौरान फिर गिरे क्रिस्टियन एरिक्सन, मुकाबला बीच में रोका गया



ओडेन्से, 8 जून। क्रिस्टियन एरिक्सन रविवार को एक बार फिर मैदान पर गिर पड़े, जिसके बाद डेनमार्क और यूक्रेन के बीच खेला जा रहा अंतरराष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मुकाबला बीच में ही रोक दिया गया। घटना डेनमार्क के ओडेन्से स्थित नेचर एनर्जी पार्क में हुई। मुकाबले के दूसरे हाफ में डेनमार्क 2-1 से आगे था, तभी एरिक्सन ने अपने सीने की ओर हाथ ले जाते हुए मैदान पर गिरना शुरू किया। तुरंत चिकित्सा टीम मैदान पर पहुंची और खेल रोक दिया गया। बाद में डेनिश फुटबॉल संघ ने पुष्टि की कि एरिक्सन होश में हैं और उनकी स्थिति स्थिर है। मुकाबले को रद्द कर दिया गया। डेनिश फुटबॉल संघ के अनुसार राष्ट्रीय टीम के डॉक्टर मॉर्टन बोएसन ने बताया कि एरिक्सन खुद चलकर मैदान से बाहर गए और उनके शरीर में लगा हृदय उपकरण अपेक्षित तरीके से काम कर गया। डॉक्टर के अनुसार, एरिक्सन कुछ समय के लिए बेहोश हुए थे लेकिन बहुत जल्दी होश में लौट आए और उनसे बातचीत भी हुई। उन्होंने अपने साथियों को संदेश भेजकर बताया कि वह ठीक हैं। इस घटना ने खिलाड़ियों और प्रशंसकों को पांच साल पहले की उस घटना की याद दिला दी, जब यूरोपीय चैम्पियनशिप 2021 (यूरो 2020) के दौरान फ़िनलैंड के खिलाफ मैच में एरिक्सन को मैदान पर हृदयाघात हुआ था और कुछ मिनटों तक उनका हृदय रुक गया था। उस समय मैदान पर ही उन्हें चिकित्सकीय सहायता देकर बचाया गया था।

## महिला टी-20 विश्व कप के लिए आईसीसी ने घोषित की विश्वस्तरीय कमेंट्री टीम

नई दिल्ली, 8 जून। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने महिला टी-20 विश्व कप के लिए विश्वस्तरीय कमेंट्री टीम की घोषणा कर दी है। इस बार कमेंट्री पैनल में महिलाओं की प्रमुख भूमिका देखने को मिलेगी, जिसमें विश्व कप विजेता खिलाड़ी, पूर्व अंतरराष्ट्रीय कप्तान, अनुभवी प्रसारक और क्रिकेट जगत की कई प्रतिष्ठित आवाजें शामिल हैं।

महिला टी-20 विश्व कप का आयोजन 12 जून से शुरू होगा, जिसमें उद्घाटन मुकाबला इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता का फाइनल 5 जुलाई को लॉर्ड्स मैदान पर होगा। पूरे टूर्नामेंट के दौरान कुल 33 मुकाबलों का प्रसारण किया जाएगा।

## बांग्लादेश वनडे श्रृंखला से बाहर हुए मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस करेंगे कप्तानी

नई दिल्ली, 8 जून। ऑस्ट्रेलिया को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से पहले बड़ा झटका लगा है। कप्तान मिचेल मार्श और स्टार बल्लेबाज़ ट्रैविस हेड इस श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। उनकी अनुपस्थिति में जोश इंगलिस टीम की कप्तानी संभालेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को उक्त जानकारी दी।

मार्श और हेड हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ 2-1 से गंवाई गई एकदिवसीय श्रृंखला में भी नहीं खेले थे। मार्श अभी टखने की चोट से उबर रहे हैं, जबकि हेड को निजी कारणों से अवकाश दिया गया है।

ऑस्ट्रेलिया को एक और झटका लेग स्पिनर तनवीर संघा के रूप में लगा है। पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मुकाबले के दौरान उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट लगी



थी, जिसके कारण वे बांग्लादेश दौरे से बाहर हो गए हैं। हालांकि मिचेल मार्श टीम के साथ बांग्लादेश जाएंगे और वहीं पुनर्वास प्रक्रिया जारी रखेंगे। उम्मीद की जा रही है कि वह इसके बाद होने वाली टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला तक वापसी कर सकते हैं। पाकिस्तान दौरे के बाद स्वदेश लौटने वाले युवा बल्लेबाज़ ओली पीक और हरफनमौला खिलाड़ी मैट शॉर्ट अब टीम के साथ बने रहेंगे।

## फ्लोरेंटिनो पेरेज फिर बने रियल मैड्रिड के अध्यक्ष

स्पेन, 8 जून। रियल मैड्रिड के अध्यक्ष पद के चुनाव में फ्लोरेंटिनो पेरेज़ ने एक बार फिर जीत हासिल करते हुए अगले चार वर्षों के लिए अपना कार्यकाल सुरक्षित कर लिया है। रविवार को हुए चुनाव में उनकी जीत के साथ वह लगातार क्लब की कमान संभालते रहेंगे। यह पिछले 20 वर्षों में पहली बार था जब क्लब में अध्यक्ष पद के लिए वास्तविक मुकाबला देखने को मिला। इससे पहले पेरेज़ वर्ष 2009, 2013, 2017, 2021 और 2025 में बिना किसी प्रतिद्वंद्वी के निर्वाचित हुए थे। रियल मैड्रिड के आधिकारिक टीवी चैनल के अनुसार, पेरेज़ ने अपने प्रतिद्वंद्वी एनरिके रिकेल्मे को हराया। हालांकि क्लब की ओर से अभी आधिकारिक मतगणना जारी नहीं की गई है।

// पहली बार जयपुर में आयोजित हुआ नॉर्थ जोन नेशनल स्क्वैश कैम्प //

## एशियन चैम्पियन आर्यवीर व दिव्यांशी समेत 22 खिलाड़ी ले रहे हैं कोचिंग

जयपुर, 8 जून। देश के उभरते और शीर्ष जूनियर स्क्वैश खिलाड़ी इन दिनों जयपुर में आगामी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों में जुटे हैं। पहली बार नॉर्थ जोन नेशनल स्क्वैश कैंप का आयोजन सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित स्क्वैश कोर्ट्स पर किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित कैंप में हाल ही चीन में आयोजित एशियन जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप के अंडर-19 वर्ग के चैंपियन आर्यवीर दीवान और अंडर-13 बालिका वर्ग की एशियन कांस्य पदक विजेता जयपुर की दिव्यांशी जैन समेत कुल 22 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।



**देशभर में लगाए जाएंगे आठ राष्ट्रीय कैंप**

हरिन्दर पाल सिंह संधु ने बताया कि स्क्वैश फेडरेशन ऑफ इंडिया ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और एचसीएल के सहयोग से देशभर में वर्षभर आठ क्षेत्रीय राष्ट्रीय कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत साउथ जोन कैंप चेन्नई और ईस्ट जोन कैंप कोलकाता में आयोजित किया जा चुका है। नॉर्थ जोन कैंप का आयोजन पहली बार जयपुर में हो रहा है, जबकि वेस्ट जोन कैंप मुंबई में लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि हर जोन में साल में दो बार कैंप का आयोजन होगा। प्रत्येक कैंप में विभिन्न आयु वर्गों के शीर्ष आठ खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है। खिलाड़ी अपने-अपने जोन में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।

**राजस्थान के आठ खिलाड़ियों को मिला मौका**

शिविर में राजस्थान स्क्वैश एकेडमी के आठ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जो राज्य के लिए गौरव की बात है। खिलाड़ियों को तकनीकी दक्षता, फिटनेस, मानसिक मजबूती और प्रतिस्पर्धी रणनीतियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

**भारतीय टीम के कोच दे रहे प्रशिक्षण**

कैंप में भारतीय स्क्वैश टीम के कोच हरिन्दर पाल सिंह संधु और सुरभि मिश्रा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। दोनों अनुभवी कोच खिलाड़ियों की तकनीकी कमियों को दूर करने के साथ-साथ उन्हें आधुनिक खेल शैली और उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर रहे हैं।

**फेडरेशन, साई और एचसीएल का जताया आभार**

राजस्थान स्क्वैश एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र मेहता ने जयपुर में कैंप के आयोजन के लिए स्क्वैश फेडरेशन ऑफ इंडिया, भारतीय खेल प्राधिकरण और एचसीएल का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को नियमित उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धी माहौल मिलेगा। मेहता ने कहा कि इन कैंपों का प्रमुख उद्देश्य खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर तरीके से तैयार करना है। जयपुर में आयोजित यह कैंप राजस्थान में स्क्वैश के विकास को नई गति देने के साथ-साथ राज्य के खिलाड़ियों को देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमें अवसर मिलता है तो भविष्य में भी हम ऐसे कैंप आयोजन के लिए तैयार हैं।


**कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर**
जोधपुर 342304, राजस्थान, भारत

**ई-निविदा 03/2026-27**

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा Smart Class, Conference System & CCTV for CoA Baytu की खरीद के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत विवरण एवं जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN NO. : JAU2627GLOB00052
राज.संवाद/सी/26/4351 — नियंत्रक (वित्त)

**कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज.)- 345001**

क्रमांक/विकास/2026-27/885 — दिनांक :- 04.06.2026

-:: निविदा सूचना संख्या 05/2026-27 ::-
NIB Code DLB2627A2586

नगर परिषद् जैसलमेर की ओर से नगर परिषद् जैसलमेर में उपयुक्त श्रेणी व अन्य विभागों में "ए" व 'एए' श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से उपरोक्त कार्य हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित कार्यो की विस्तृत जानकारी, निविदा की शर्ते आदि वेबसाईट http://eproc.rajasthan.in व http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। उक्त कार्यो के यू.बी.एन. नं. DLB2627WSOB06426, 06427, 06428, 06429, 06430, 06431, 06433, 06434, 06435, 06436, 06437, 06438, 06439, 06440, 06442 है।

आयुक्त
नगर परिषद् जैसलमेर
राज.संवाद/सी/26/4328

**कार्यालय नगर पालिका हिण्डोली जिला - बून्दी (राज0)**

क्रमांक :- न0पा0हि0/निर्माण /2026-27/756 — दिनांक :- 03.06.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 10/2026-27**

नगर पालिका हिण्डोली द्वारा विभिन्न कार्यो हेतु नगर पालिका हिण्डोली में पंजीकृत कार्यो के अनुसार सक्षम स्तर के संवेदक एवं अन्य विभागों में पंजीकृत AA,A श्रेणी के संवेदकों से द्वी लिफाफा पद्वति/ई-निविदा पद्वति से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 05.06.2026 से तथा अपलोड करने की दिनांक 05.06.2026 से दिनांक 15.06.2026 तक है। जिसकी कुल लागत 87.05 लाख है। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।
NIB code :- DLB2627A2595

| Sr.N. | UBN No. | Tender Cost in lakh |
|---|---|---|
| 1 | DLB2627WSOB06450 | 38.18 |
| 2 | DLB2627WSOB06453 | 48.87 |

राज.संवाद/सी/26/4318 — प्रशासक — अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय नगर पालिका निवाई**

क्रमांक : न.पा.नि./स्टोर/2026-27/180 — दिनांक :- 03.06.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या :- 05/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागो के संबंधित श्रेणी में "A" "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा का कार्य | : | NIB Code:- DLB2627A2551 (कुल 02 कार्य) |
| Unique Bid Number | | DLB2627SLOB06330, 331 |
| निविदा की कुल लागत | : | Rs 70.00 लाख रुपये |
| निविदा जारी करने की दिनाक | : | दिनांक 04.06.2026 |
| निविदा दस्तावेजो को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | : | दिनांक 04.06.2026 को 11:00 बजे से |
| ऑन लाईन निविदा जमा कराने की अन्तिम दिनांक | : | दिनांक 15.06.2026 सांय 6:00 बजे तक |
| भौतिक रुप से कार्यालय में निविदा व धरोहर शुल्क जमा | : | दिनांक 16.06.2026 दोपहर 12:00 बजें तक |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | : | 18.06.2026 को अपराह 12:00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | : | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | | 120 Day |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका निवाई
राज.संवाद/सी/26/4305

**जगद्‌गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय**
मदाऊ, भांकरोटा-मुहाना लिंक रोड़, जयपुर (राज.) . 302026
वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई-मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्स : 0141-2850551-75

क्रमांक पं.(01)जरारासंविवि/पीएसएसटी/26-27/1880 — दिनांक : 08.06.2026

**विज्ञप्ति**

**प्री-शिक्षाशास्त्री (द्वि-वर्षीय), प्री-शास्त्री-शिक्षाशास्त्री (चार वर्षीय) एवं प्री-शिक्षाचार्य (द्वि-वर्षीय) 2026-27 में प्रवेश आवेदन हेतु सूचना**

जगदगुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर से सम्बद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम, चार वर्षीय इन्टीग्रेटेड शास्त्री-शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम एवं शिक्षाचार्य पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के नियमानुसार प्रवेश परीक्षा (प्री-टेस्ट) के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री हेतु शास्त्री या समकक्ष या सामान्य कला स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण या अन्तिम वर्ष में प्रविष्ट अभ्यर्थी तथा चार वर्षीय इन्टीग्रेटेड शास्त्री शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए वरिष्ठ उपाध्याय या समकक्ष या सामान्य कला विषय से सीनियर सैकण्डरी कक्षा उत्तीर्ण या प्रविष्ट अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। शिक्षाचार्य हेतु शिक्षाशास्त्री या बी.एड. संस्कृत शिक्षण विषय सहित परीक्षा उत्तीर्ण या अंतिम वर्ष में प्रविष्ट अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://psst2026.jrrsu.in एवं www.jrrsanskrituniversity.ac.in पर दिनांक 10.06.2026 से 31.07.2026 तक उपलब्ध रहेगा। उक्त से संबंधित विस्तृत सूचना विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थी अपनी अभ्यर्थिता की भली प्रकार से जाँच कर आवेदन करें। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अग्रिम सूचनार्थ विश्वविद्यालय वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

हेल्पलाइन:- 7073704054
हेल्पलाईन ईमेल:- helpdesk@jrrsu.in

कुलसचिव एवं समन्वयक
राज.संवाद/सी/26/4382 — PSST, PSSST, PSAT- 2026-27